दिनांक : 05.05.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा - सरकार 2036 ओलंपिक से पहले भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए है प्रतिबद्ध।
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किसानों के जीवन में बदलाव और खुशहाली लाने का किया आह्वान।
- प्रदेश में किसान आज भी स्लॉट बुक कर समर्थन मूल्य पर बेच सकते हैं गेहूं।
- बारिश-ओले से हुए गर्मी के तेवर ढीले, प्रदेश में 8 मई तक रहेगा ऐसा ही मौसम।

पीएम-खेलो इंडिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार 2036 ओलंपिक से पहले भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' के उद्घाटन के वीडियो संबोधन में, श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक दशक में खेल बजट में तीन गुना वृद्धि की है। सरकार ने खेलों के लिए इस वर्ष 4,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में खेलों को मुख्यधारा के अध्ययन का हिस्सा बनाकर मान्यता दी गई है।

बिहार के पटना में कल भव्य समारोह के साथ अंडर-18 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025' की शुरुआत हुई। लड़कियों और लड़कों की श्रेणियों में 8,500 से अधिक युवा खेल प्रतिभाएं विभिन्न स्पर्धाओं भाग लेंगे।

उपराष्ट्रपति - ग्वालियर दौरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि विकसित भारत का रास्ता किसान के खेत से होकर गुजरता है और इसलिए कृषि क्षेत्र में काम करने वाली संस्थाओं और कृषि छात्रों की जिम्मेदारी है कि वे किसानों के जीवन में बदलाव और खुशहाली लाने में अपना योगदान दें।

उपराष्ट्रपति कल ग्वालियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों और प्रोफेसरों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरविंद कुमार शुक्ला भी मौजूद थे।

दीक्षांत समारोह

राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय,ग्वालियर का छठवाँ दीक्षांत समारोह कल सम्पन्न हुआ. इसमें 122 विद्यार्थी स्वर्ण पदक से एवं 33 विद्यार्थी शोध उपाधियों से सम्मानित किये गए. समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगुभाई पटेल थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कबीर लोक भजन गायक पद्मश्री कालूरामबामनिया ने की। इस मौके पर वरिष्ठ तबला वादक एवं शिक्षाविद् प्रो. किरण देशपाण्डे भी उपस्थित थे।

रक्षामंत्री

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि रक्षा मंत्री होने के नाते उनकी जिम्मेदारी सशस्त्र बलों के साथ मिलकर काम करना और भारत पर बुरी नजर डालने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना है। रक्षामंत्री ने नई दिल्ली में कल संस्कृति जागरण महोत्सव में यह बात कही। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया अब भारत को पहचानती है और वैश्विक मंच पर उसकी बातों को सुना जाता है।

गेंहूँ उपार्जन

प्रदेश में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसान जो 30 अप्रैल तक स्लॉट बुक नहीं कर सके, वह आज भी स्लॉट बुक कर गेहूं का विक्रय उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर कर सकते हैं। स्लॉट बुक करने के लिए जिला खाद्य कार्यालय में आवेदन करना होगा। जिन किसानों की स्लॉट की वैधता समाप्त हो गई है, उनकी अवधि डीएसओ लॉगिन से बढ़ाने तथा इन किसानों से गेहूं की खरीदी 9 मई तक करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

अच्छी खबर-विदिशा

आज अच्छी खबर में बात विदिशा जिले के अनूठे समर कैम्प की। इसमें बच्चे खेल-खेल में पढ़ाई कर रहे हैं और जिले के युवा ही उन्हें पढ़ा रहे हैं...

मौसम

प्रदेश में 8 मई तक आंधी, बारिश और ओले का दौर जारी रहेगा। आज भी ऐसा ही मौसम बना रहेगा। कल भी इंदौर में रिकॉर्ड पौने 3 इंच पानी गिर गया, जबकि भोपाल समेत कई जिलों में ओले भी गिरे। राजधानी के कई इलाकों में रातभर से लाइट नहीं है। बारिश और आंधी के कारण कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई है। भोपाल में कल तापमान 37 डिग्री, इंदौर में 36 दशमलव 2 डिग्री, ग्वालियर में 38 दशमलव 5 डिग्री और जबलपुर में पारा 37 दशमलव 5 डिग्री दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव आज मंडला जिले के रामनगर में आयोजित आदि उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। आदि उत्सव में 600 से अधिक जोड़ों का विवाह कराया जाएगा।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कल रीवा में जिला न्यायालय भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नवीन भवन से रीवा ही नहीं पूरा मध्यप्रदेश गौरवान्वित हुआ है।
- दमोह जिले के तेंदूखेड़ा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत कल 1700 से अधिक जोड़े शादी के पवित्र बंधन में बंधे । वही लगभग 27 निकाह भी संपन्न हुए।
- खंडवा में कल ब्राइटर माइंड प्रोग्राम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस परिवार के बच्चों के मानसिक विकास, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और सोचने-समझने की शक्ति को बढ़ाना है।
- आगरमालवा जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कल ग्राम पूरा साहब नगर में ग्राम पंचायत द्वारा तालाब जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया गया।
- जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर संचालित फूड प्लाज़ा नामक रेस्टॉरेंट को अनियमितताएं पाए जाने पर सील कर दिया गया है। वहीं दो अन्य फ़ूड स्टॉल को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।
- पन्ना जिले के खिलाड़ियों ने जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।
- बैतूल-परतवाड़ा मार्ग पर झल्लार के पास घाट में एक ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मृत्यु हो गई है। वहीं एक घायल हो गया है।